(Pages : 4)

**S 1819**

# S.S.L.C. EXAMINATION, MARCH - 2018

## HINDI

Time : 1½ Hours

Total Score : 40

**सामान्य निर्देश :**

- पंद्रह मिनट का कूल ऑफ टाइम है।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।

Score

**सूचना :** बीरबहूटी कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> बेला का मन बहुत खराब हो गया, माटसाब चाहे मुझे पीट लेते मगर साहिल के सामने नहीं। वह साहिल के सामने खुद को शर्मिंदा महसूस कर रही थी, क्योंकि वह जानती थी कि वह साहिल की नज़र में बहुत अच्छी है।

**1.** सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। 1

(क) माटसाब को लज्जा का अनुभव हो रहा था। (ख) साहिल को लज्जा का अनुभव हो रहा था।

(ग) बेला को लज्जा का अनुभव हो रहा था। (घ) साहिल और बेला को लज्जा का अनुभव हो रहा था।

**2.** क्रिया का सही रूप चुनकर वाक्य की पूर्ति करें। 1

बेला का मन बहुत खराब __________ ।

(क) हो जाएगी (ख) हो जाएँगे (ग) हो जाएगा (घ) हो जाएँगी

**3.** क्लास में हुए बुरे अनुभव का ज़िक्र करते हुए बेला ने सहेली के नाम पत्र लिखा। बेला का पत्र लिखें। (पत्र का कलेवर लगभग 80 शब्दों का हो) 4

**अथवा**

सुरेंदर माटसाब के व्यवहार से बेला को बड़ा दुख हुआ। बेला के विचारों को डायरी के रूप में लिखें। (डायरी लगभग 80 शब्दों की हो)

**सूचना :** ''सबसे बड़ा शो मैन'' का यह अंश पढ़ें और 4 से 5 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

> मैनेजर ने चार्ली को माँ के कुछ दोस्तों के सामने अभिनय करते देखा था और वह उसे स्टेज पर भेजने की ज़िद करने लगा। माँ डर गई। पाँच साल का बच्चा इस उग्र भीड़ को झेल पाएगा!

**4.** माँ के डर का कारण क्या है? 1

**5.** मैनेजर चार्ली को स्टेज पर भेजने की ज़िद करने लगा। माँ बहुत डरी हुई थी। मैनेजर और चार्ली की माँ के बीच हुई संभावित बातचीत लिखें। (बातचीत में पाँच विनिमय हो) 4

चार्ली की माँ : गा नहीं पा रही हूँ साब।

मैनेजर : क्यों, क्या हुआ?

Score

**सूचना :** 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और 6 से 7 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था
व्यक्ति को मैं नहीं जानता था
हताशा को जानता था
इसलिए मैं उस व्यक्ति के पास गया
मैं ने हाथ बढ़ाया

6. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। 1

(क) कवि और व्यक्ति एक दूसरे को जानते थे। (ख) व्यक्ति कवि को जानता था।

(ग) कवि व्यक्ति की हताशा को जानता था। (घ) व्यक्ति कवि की हताशा को जानता था।

7. कवि और कविता का परिचय देते हुए इन पंक्तियों का आशय लिखें। 3

**सूचना :** 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का यह अंश पढ़ें और 8 से 10 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

कुप्पी की धुँधली रोशनी कुएँ पर आ रही थी। गंगी जगत की आड़ में बैठी मौके का इंतज़ार करने लगी। इस कुएँ का पानी सारा गाँव पीता है। किसीके लिए रोक नहीं, सिर्फ ये बदनसीब नहीं भर सकते।

8. 'मौके का इंतज़ार करना' - इसका अर्थ क्या है? 1

(क) अवसर का उपयोग करना (ख) अवसर की योजना करना

(ग) अवसर का दुरुपयोग करना (घ) अवसर की प्रतीक्षा करना

9. 'रोशनी कुएँ पर आ रही थी' - यहाँ 'रोशनी' के बदले 'प्रकाश' शब्द का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें। 1
(रोशनी–स्त्रीलिंग, प्रकाश–पुल्लिंग)

10. 'ठाकुर का कुआँ' कहानी में चर्चित जाति-प्रथा की समस्या पर लघु-लेख लिखें। [लेख लगभग 80 शब्दों का हो] 4

- जाति भेद एक समस्या
- जाति के नाम अत्याचार
- पीने के पानी में तक भेद-भाव
- भेद-भाव से मुक्ति

**अथवा**

''हमारी जाति मानव जाति'' संदेश देते हुए एक पोस्टर तैयार करें।

**सूचना :** 'गुठली तो पराई है' कहानी का यह अंश पढ़ें और 11 से 12 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

गुठली बोली, ''अपना घर? यही तो है मेरा घर, जहाँ मैं पैदा हुई।'' बुआ हँसके बोली, ''अरी बेवकूफ़ यह घर तो पराया है। बाकी लड़कियों की तरह तू भी किसी ओर की अमानत है। ससुराल ही तेरा असली घर होगा।

11. 'मेरा' में प्रयुक्त सर्वनाम और परसर्ग के जोड़े को पहचानकर लिखें। 1

(क) मैं + को (ख) मैं + की (ग) मैं + के (घ) मैं + का

Score

12. लड़कियाँ अपने घरों में भी स्वतंत्र नहीं हैं। 'लड़कियों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता का नियंत्रण' विषय पर सूचकों की सहायता से टिप्पणी लिखें। 4

[ टिप्पणी लगभग 80 शब्दों की हो। ]

- घर में भी पराई।
- घर की बातों से अलग।
- शिक्षा पर नियंत्रण।

**अथवा**

प्रस्तुत प्रसंग पर 'पटकथा' का एक दृश्य लिखें।

**सूचना** : 'जैसलमेर' यात्रावृत्त का यह अंश पढ़ें और 13 से 14 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

| |
|---|
| लेकिन देखो तो दोनों ओर एक जैसा ही सब कुछ दिखता है। ज़मीन एक, धूप एक, रूखापन एक, धूल भरी हवाएँ एक . . . देखकर लगा कि फिर अलग क्या है? पानी की किल्लत और ज़रूरतें दोनों तरफ एक जैसी हैं। अब तो जानवर भी दूसरी तरफ घास चरने नहीं जा सकते। |

13. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। 1


(क) सीमा की दोनों ओर की ज़मीन अलग-अलग है।

(ख) सीमा की दोनों ओर के देश एक है।

(ग) सीमा की दोनों ओर हवाएँ अलग-अलग है।

(घ) सीमा की दोनों ओर की ज़मीन एक है।

14. वाक्य - पिरामिड की पूर्ति करें। 2



Score

**सूचना :** 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और 15 से 17 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

> कोहरे से ढँकी सड़क पर बच्चे काम पर जा रहे हैं
> सुबह - सुबह
> बच्चे काम पर जा रहे हैं
> हमारे समय की सबसे भयानक पंक्ति है यह
> भयानक है इसे विवरण की तरह लिखा जाना
> लिखा जाना चाहिए इसे सवाल की तरह
> काम पर क्यों जा रहे हैं बच्चे ?

15. कवितांश के आधार पर **सही** प्रस्ताव चुनकर लिखें। 1

(क) बच्चे स्कूल के बाद काम पर जा रहे हैं। (ख) बच्चे काम के बाद स्कूल जा रहे हैं।

(ग) बच्चे सुबह-सुबह स्कूल जा रहे हैं। (घ) बच्चे सुबह-सुबह काम पर जा रहे हैं।

16. 'बच्चे' के स्थान पर 'बच्चा' का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें। 1

बच्चे काम पर जा रहे हैं।

17. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें। 4

**सूचना :** कहानी का यह अंश पढ़ें और 18 से 19 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

> मैंने उठकर देखा। पेड़ों के तनों के ऊपर रोशनी आ गई है। सड़क के किनारे चूल्हों से धुआँ उठने लगा है। आवारे कुत्ते सड़कों पर दौड़ने लगे हैं। स्कूल जाने वाले बच्चे पीठ पर बस्ते लिए दिखने लगे हैं। रेडियो पर पुराना गाना बज रहा है। कारखाने की आवाज़ मज़दूरों को बुला रही है।

(आवारा कुत्ता = തെരുവ് പട്ടി, बस्ते = ബാഗ്, bag)

18. 'प्रकाश' का समानार्थी शब्द है : 1

(क) कारखाना (ख) आवाज़ (ग) रोशनी (घ) धुआँ

19. सही मिलान करें : 4

| | |
|---|---|
| पेड़ों के ऊपरी हिस्से में | चूल्हों से धुआँ उठता है। |
| सड़क के किनारे के | बस्ते लिए जाते हैं। |
| आवारे कुत्ते सड़कों पर | रोशनी छाई हुई है। |
| स्कूल के बच्चे पीठ पर | दौड़ते रहते हैं। |

-o0o-